खास-खबरें

100 सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों का सात दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुर।: होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के निर्देशानुसार जिले के 100 सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों का सात दिवसीय कौशल विकास एवं क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण 16 से 22 नवंबर तक होमगार्ड लाइन स्थित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट विक्रम बी. सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण प्रभारी कंपनी कमांडर नम्रता सरावत ने प्रशिक्षण का सारांश प्रस्तुत किया।

पांच साल बाद भी अधूरा रिंग रोड, कानूनी पेच और मुआवजे के विवाद से अटका निर्माण

नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदा: शहर के आसपास प्रस्तावित रिंग रोड का निर्माण पांच वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। कानूनी प्रक्रिया, भूमि मुआवजे से जुड़ी शिकायतों और मार्ग में बदलाव के विवाद के कारण काम अटका हुआ है। जिस नक्शे के आधार पर सड़क का निर्माण प्रस्तावित था, उसके अनुरूप काम नहीं होने की बात भी सामने आ रही है। इससे शहरवासियों को रिंग रोड का लाभ नहीं मिल पा रहा है। रिंग रोड का निर्माण पूरा होने से नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। कृषि उपज मंडी आने-जाने वाले वाहनों को शहर के भीतर से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे सीधे रिंग रोड से आवागमन कर सकेंगे। इससे शहर के अंदर यातायात का दबाव कम होगा और सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

समाजसेवी जसवंत सिंह बनवैया की पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे फल



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोर: सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय जसवंत सिंह बनवैया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंबेडकर नगर में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। स्वर्गीय बनवैया के पुत्र सतीश बनवैया, नरेंद्र बनवैया और विनीत बनवैया ने परिवार के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में उनकी स्मृति में पौधारोपण एवं सेवा कार्य किया। इसके बाद संगठन के अध्यक्ष मनोज फरेला के मार्गदर्शन में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचे। यहां सर्जिकल, महिला, किसान, बच्चा और आईसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों को केले, अंगूर, पपीता, चीकू सहित विभिन्न फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में नरेंद्र खंगराले, सन्नी जाटव, कपिल पुरबिया, राहुल जाटव, अभय अहिरवार, टीटू कचनेरिया, कमल किशोर, शुभम कचनेरिया, उमेश मंगरोलिया, भोला कचनेरिया, हेमेन्द्र खंगराले, रूपेश परसैया, जीवन ठाकुर, हेमंत भारती, हेमंत राठौर, शैलेंद्र महोबिया, चरण सिंह खंगराले, सोनू लोड, हरि परिहार और जितेंद्र मंगोलिया सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

साँची में 'महाबोधि महोत्सव' 28-29 नवम्बर को, बौद्ध दर्शन, कला, संगीत और साहित्य का होगा अनूठा संगम

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन: जिले में स्थित विश्व पर्यटन नगरी सांची में भगवान बुद्ध के शांति, करुणा, मैत्री और मानवता के संदेश को कला एवं संस्कृति के विविध माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 28 एवं 29 नवंबर को दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन एवं महाबोधि सोसायटी ऑफ श्रीलंका के सहयोग से प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से आयोजित होने वाले इस महोत्सव में देश-विदेश के कलाकारों की सहभागिता रहेगी। संस्कृति विभाग के संचालक एनपी नामदेव ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि 28 एवं 29 नवम्बर, 2026 को साँची स्थित बुद्ध जन्मभूमि पार्क (पुराना विश्राम भवन परिसर) में आयोजित 'कलाओं में बौद्ध विचार पर एकाग्र' भावभूमि पर केंद्रित यह महोत्सव बौद्ध दर्शन, लोक संस्कृति, संगीत, नृत्य और साहित्य का अनूठा संगम है। महोत्सव के माध्यम से भगवान बुद्ध के विचारों की सार्वकालिक प्रासंगिकता को कलात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सहभागिता के अंतर्गत श्रीलंका और जापान के कलाकार अपनी पारंपरिक लोककलाओं एवं गायन प्रस्तुतियों से दर्शक-श्रोताओं को विभिन्न देशों की बौद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराएंगे। यह आयोजन भारत और अन्य बौद्ध परंपरा से जुड़े देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने का भी अवसर बनेगा।

विरासत सप्ताह में चंदेरी के पर्यटन विकास को मिली नई उड़ान, हेलीकॉप्टर से कराया हवाई भ्रमण



नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरी: ऐतिहासिक धरोहरों, प्राचीन स्मारकों, पहाड़ियों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध पर्यटन नगरी चंदेरी में विरासत सप्ताह के अवसर पर पर्यटन विकास की दिशा में अभिनव पहल की गई। मध्य प्रदेश शासन की पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा के तहत विशेष जॉय राइड का आयोजन कर लोगों को ऐतिहासिक नगरी का विहंगम दृश्य देखने का अवसर दिया गया। इस पहल ने चंदेरी में पर्यटन की नई संभावनाओं को भी उजागर किया।

मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग, पर्यटन बोर्ड, जिला प्रशासन अशोकनगर, स्थानीय प्रशासन चंदेरी तथा पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा संचालित करने वाली जेट सर्व एविएशन एवं फ्लाई ओला के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चंदेरी हेलीपैड से दो जॉय राइड कराई गईं। पहली राइड में छह यात्रियों ने हवाई भ्रमण किया, जबकि दूसरी राइड में चार स्कूली बच्चों को चंदेरी की खूबसूरती आसमान से देखने का अवसर मिला।

विवाद देख रहे युवक को लगी गोली, मौत इछावर थाने के सामने 3 घंटे चक्काजाम



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर: जिले के इछावर थाना क्षेत्र के भाऊखेड़ी गांव में शनिवार देर रात गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह भाऊखेड़ी जोड़ पर ढाबा संचालक और वाहन चालकों के बीच हो रहे विवाद को देखने के लिए रुका था। इसी दौरान उसे गोली लग गई। घटना के बाद रविवार सुबह आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने इछावर थाने के सामने इछावर-नसरुल्लागंज मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

सुबह 9:30 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन दोपहर 12:30 बजे तक चला। परिजन आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने सहित पांच आश्वासन दिए, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। सचिन वर्मा पेशे से ड्राइवर था। पिछले कुछ महीनों से वह घर पर रहकर खेती-किसानी के काम में परिवार की मदद कर रहा था। शनिवार रात वह किसी काम से बाइक लेकर भाऊखेड़ी जोड़ पहुंचा था। वहां एक ढाबा संचालक का पहले भूसे की गाड़ी के चालक और फिर रेत की गाड़ी के चालक से विवाद हो रहा था। सचिन बाइक रोककर विवाद देखने लगा। इसी दौरान उसे गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल सचिन की मौत हो गई। हालांकि, गोली किसने और किन परिस्थितियों में चलाई, इसकी जांच की जा रही है।

पोस्टमॉर्टम को लेकर भी परिजनों की असहमति: रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण इछावर थाने के पास पहुंच गए। उन्होंने मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी के साथ पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया को लेकर भी अपनी मांग पर अड़े रहे। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम भोपाल के मेडिको-लीगल संस्थान में कराने की तैयारी कर रही थी, लेकिन परिजन इसके लिए सहमत नहीं थे। स्थिति को देखते हुए नसरुल्लागंज, आष्टा, सीहोर सहित आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया।

हत्या या हादसा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी स्थिति: एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि फिलहाल मामला जांच के अधीन है। घटना के बाद चार थाना प्रभारियों के साथ एसडीओपी, एफएसएल और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीमें साक्ष्य जुटा रही हैं। कुछ संदिग्धों की पहचान भी की गई है। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। यह गोली मारकर हत्या का मामला है या किसी हादसे में युवक की मौत हुई है, इसकी स्थिति पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होगी। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

एसडीओपी के नेतृत्व में बनाई एसआईटी

परिजनों की मांग पर पुलिस प्रशासन ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए तत्काल विशेष जांच टीम गठित करने का आश्वासन दिया। एसडीओपी रोशन जैन और इछावर थाना प्रभारी गिरीश दुबे के नेतृत्व में गठित टीम जांच कर अपनी रिपोर्ट एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे को सौंपेगी। इसके अलावा पुलिस ने नामजद संदेहियों को दो घंटे के भीतर राउंडअप करने का भरोसा भी दिलाया। पुलिस के पांच आश्वासनों के बाद परिजनों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

10 साल की मेहनत लाई रंग, भैरूंदा की दो बेटियों का राष्ट्रीय खो-खो टीम में चयन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा: शहर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी राधिका यादव और अमिता यदुवंशी का चयन 45वीं राष्ट्रीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में हुआ है। प्रतियोगिता 21 से 25 नवंबर तक गुजरात के वडोदरा स्थित पारुल यूनिवर्सिटी में आयोजित की जा रही है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

राधिका और अमिता पिछले करीब 10 वर्षों से भैरूंदा खेल परिसर में नियमित अभ्यास कर रही हैं। उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।

हाल ही में 11 से 13 नवंबर तक जबलपुर के एमएलबी ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में प्रदेशभर के करीब 750 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 30 खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया। 14 से 19 नवंबर तक चले शिविर में प्रदर्शन के आधार पर 19 नवंबर को मध्यप्रदेश खो-खो संघ के सचिव संजय यादव ने अंतिम टीम घोषित की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने जगह बनाई।

प्रशिक्षकों और माता-पिता को दिया सफलता का श्रेय: राधिका यादव और अमिता यदुवंशी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा प्रशिक्षक सुनील पंवार और प्रबल (काजू) अग्रवाल को दिया है। खिलाड़ियों के अनुसार नियमित अभ्यास, अनुशासन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

खो-खो कल्याण संघ ने दी बधाई: खो-खो कल्याण संघ भैरूंदा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार सहित रघुवीर पवार, केएल पंवार, रविंद्र यादव, सुजाता कुशवाहा, अंकिता विश्वकर्मा, डॉ. व्यास, मनोहर पंवार, योगेश पंवार और नीरज पवार सहित दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी।

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती पर प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेली: हनुमानगढ़ी धाम स्थित कलचुरी भवन में नवयुवक मंडल के तत्वावधान में भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों महिला-पुरुषों और स्वजातीय बंधुओं ने सहभागिता की। इस दौरान पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा।

समारोह में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके अनुभवों और योगदान का अभिनंदन किया गया। राजनीतिक, सामाजिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में पहचान बनाने वाले समाजबंधुओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, अच्छे अंकों से उत्तीर्ण बच्चों और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केएल वर्मा ने की तथा मंच संचालन अनिल वर्मा ने किया। आयोजन की सफलता में नवयुवक मंडल अध्यक्ष नितिन वर्मा और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। रोषेश राय ने भी व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग दिया।

इस अवसर पर कलचुरी समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, मोहनमुरारी वर्मा, रविशंकर राय, नीरज राय, मनोज राय, कैलाश राय, भीकम राय, दीपक वर्मा, सुमित वर्मा, मुकेश राय, कमल राय, राकेश राय और अमिताभ वर्मा सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बेतवा रिपटा घाट पर एक माह से चल रहा शिव अभिषेक और दीपदान

गंजबासौदा। स्थानीय बेतवा रिपटा घाट पर कार्तिक माह के अवसर पर एक महीने से कार्तिक स्नान, भगवान शिव के अभिषेक और दीपदान का आयोजन किया जा रहा है। पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में चल रहे इस आयोजन में प्रतिदिन सुबह सूर्योदय से पूर्व श्रद्धालु बेतवा नदी में स्नान कर भगवान शिव का अभिषेक और आरती करते हैं। आयोजन के दौरान 56 भोग भी लगाया गया। पंकज अग्रवाल ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 24 नवंबर, मंगलवार को सुबह शिव अभिषेक और दीपदान के साथ आयोजन का समापन होगा। डॉ. अशोक रोहले ने बताया कि रिपटा घाट पर कार्तिक स्नान और शिव अभिषेक की परंपरा पिछले 14 वर्षों से जारी है। हर वर्ष कार्तिक माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होते हैं।

बेटे की शादी की पत्रिकाएँ बाँटने जा रहे पिता की नीलगाय की टक्कर से मौत



नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर: बेटे की शादी की तैयारियों के बीच एक पिता की सड़क हादसे में मौत से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। मल्हारगढ़ थाना क्षेत्र के बरखेड़ादेव निवासी मुकेश पाटीदार (47) बेटे की शादी की पत्रिकाएं बांटने उदयपुर जा रहे थे। रास्ते में अचानक नीलगाय (घोड़ारोज) की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। उदयपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई। रविवार को गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार, मुकेश पाटीदार, पिता मोतीलाल पाटीदार, के पुत्र गोर्धन की शादी 25 नवंबर को तय थी। शादी की पत्रिकाएं रिश्तेदारों और समाजजनों को बांटने के लिए मुकेश 17 नवंबर को मोटरसाइकिल से बरखेड़ादेव से डबोक (उदयपुर) जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक नीलगाय उनकी बाइक के सामने आ गई। टक्कर में मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उदयपुर के जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

मुकेश के परिवार में उनका इकलौता बेटा गोर्धन और 18 वर्षीय बेटी शिवानी है। जिस घर में बेटे की शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां पिता की मौत से शोक छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नीलगायों से हादसे और फसल नुकसान का मुद्दा उठाया: जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा ने क्षेत्र में घोड़ारोज की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि इनके झुंड किसानों की 30 से 40 प्रतिशत तक फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं, सड़कों पर अचानक आने से वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस योजना नहीं बना पाई है।

शर्मा ने नीलगाय की टक्कर से मृत्यु होने पर पीड़ित परिवारों को मिलने वाली चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता बंद किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कांग्रेस नेता लियाकत मेव और गोपाल भारती ने भी मुकेश पाटीदार की मौत के लिए प्रशासन और वन विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार से पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की सहायता देने की मांग की।

विश्व प्रसिद्ध चौबीसी जैन मंदिर में पिच्छिका परिवर्तन समारोह श्रद्धा के साथ संपन्न



नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरी: नगर के विश्व प्रसिद्ध चौबीसी जैन मंदिर में रविवार को गुरु मां 105 श्री अपूर्वमति माताजी एवं 105 श्री अनुत्तरमति माताजी का पिच्छिका परिवर्तन समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। दोनों माताएं आचार्य गुरुवर 108 श्री समयसागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या हैं। समारोह में विभिन्न नगरों से आए जैन समाज के श्रद्धालुओं ने शामिल होकर गुरु मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

जैन धर्म में पिच्छिका परिवर्तन का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। पिच्छिका अहिंसा, जीव दया, अपरिग्रह और संयम का प्रतीक मानी जाती है। साधु-संत इसके माध्यम से सूक्ष्म जीवों की रक्षा का भाव रखते हैं। पिच्छिका परिवर्तन की परंपरा त्याग, तपस्या, आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण के संकल्प को मजबूत करती है।

समारोह में प्राणपुर जैन समाज में विराजमान मुनि श्री 108 विशोकसागर जी महाराज का आशीर्वाद एवं सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर गुरु मां अपूर्वमति माताजी की पुरानी पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य अंकित जैन एवं पूजा जैन सिंघई परिवार को मिला, जबकि गुरु मां अनुत्तरमति माताजी की पुरानी पिच्छिका आशीष जैन एवं हेमा जैन कठरया परिवार ने प्राप्त की। कार्यक्रम में मुंगावली, ललितपुर, सेहराई, ईसागढ़, अशोकनगर, प्राणपुर, बामोर एवं खनियाधाना सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने गुरु मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और धर्मलाभ प्राप्त किया। समारोह का आयोजन ब्रह्मचारी संजीव कटंगी के निर्देशन एवं सानिध्य में संपन्न हुआ। धार्मिक आयोजन के उपरांत सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से स्नेह भोज आयोजित किया गया।

5 दिसंबर से शुरू होगी चर्च मैदान यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर आगामी 5 दिसंबर से यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर की विभिन्न टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता की तैयारियों के तहत चर्च मैदान पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। प्रशिक्षण शिविर में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुयश कन्नोजिया, विपिन पवार, मनोज अहिरवार, मनोज कन्नोजिया और मनोज दीक्षित मामा सचिव आनंद उपाध्याय के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वहीं, सीहोर की टीम ने सागर में आयोजित मध्य प्रदेश सीनियर प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

संस्कार सेना के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे आयुर्वेदाचार्य डॉ. प्रकाश टाटा



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन: अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेदाचार्य एवं संस्कार सेना के संरक्षक डॉ. प्रकाश टाटा गुरुजी रविवार को एमपी नगर स्थित संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे। उनके साथ सीईओ अजय मिश्रा और अरुण कुमार सोलंकी भी मौजूद रहे। संस्थापक हरभजन जांगड़े सहित पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में डॉ. टाटा ने आयुर्वेद, भारतीय औषधियों और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर विचार रखे। उन्होंने छिंदवाड़ा के पातालकोट में उपलब्ध जड़ी-बूटियों के माध्यम से उपचार कार्य करने की जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि 128 देशों से उन्हें उपचार के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। उन्होंने लोगों से योग, ध्यान और आयुर्वेद को जीवनशैली में शामिल करने तथा पीपल, बरगद, तुलसी और महुआ जैसे पौधे लगाने की अपील की। साथ ही प्रकृति संरक्षण पर जोर दिया। डॉ. टाटा ने संस्कार सेना के माता-पिता सम्मान अभियान की सराहना करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा और सम्मान भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण संस्कार हैं।

विद्यार्थियों ने रचनात्मक विज्ञापनों के माध्यम से दिखाई प्रतिभा

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा: सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अर्थशास्त्र एवं व्यावसायिक अध्ययन विषय की गतिविधि के तहत विभिन्न उत्पादों के आकर्षक विज्ञापन प्रस्तुत किए। शिक्षक मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस व्यावसायिक कार्यशाला में विद्यार्थियों ने रोजमर्रा की जरूरतों और आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए उत्पादों के विचार साझा किए।

कार्यक्रम में वैष्णवी राजपूत, पलक रघुवंशी, अंशिका शर्मा, आस्था शर्मा, तनु यादव, राधिका सेन, राधिका रघुवंशी, रितिका उनया, आयुषी सेन, अनुष्का बघेल, रिषिका चौरसिया, खुशबू साहू, अंशिका दांगी और राधिका शर्मा सहित अन्य छात्राओं ने भाग लिया।

विद्यार्थियों ने पेन, सेंसर वाटर बॉटल, परफ्यूम और स्मार्ट वॉच जैसे उत्पादों के विज्ञापन तैयार किए। पेन के विज्ञापन में उसकी मजबूती और स्याही न छूटने की विशेषता बताई गई। सेंसर वाटर बॉटल के माध्यम से समय पर पानी पीने की याद दिलाने वाली तकनीक का विचार प्रस्तुत किया गया। वहीं, परफ्यूम की खुशबू और स्मार्ट वॉच की आधुनिक सुविधाओं को रचनात्मक तरीके से दर्शाया गया।

इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाजार, ग्राहक की जरूरत और उत्पाद की विशेषताओं की व्यावहारिक समझ देना था। इससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ने का अवसर मिला।

इस अवसर पर प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्पेशल खबर आरोग्य केंद्र के सामने सुरक्षा इंतजाम नहीं, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

गांव के बीच खुला ट्रांसफार्मर, बच्चों की जान पर मंडरा रहा खतरा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा: तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत नीमोटा में चौराहे पर लगा बिजली ट्रांसफार्मर ग्रामीणों और विशेषकर बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह ट्रांसफार्मर मंगल भवन की दीवार से लगा हुआ है। इसके सामने ही आरोग्य केंद्र, मंदिर और उप स्वास्थ्य केंद्र स्थित हैं, जहां प्रतिदिन ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। इसी रास्ते से स्कूली बच्चे भी गुजरते हैं।

ट्रांसफार्मर के आसपास न तो सुरक्षा जाली लगाई गई है और न ही खुले विद्युत बॉक्स को सुरक्षित किया गया है। बॉक्स पर ताला नहीं होने और खुले तारों के कारण करंट लगने का खतरा बना हुआ है। छोटे बच्चे अक्सर आसपास खेलते रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पहले भी करंट की चपेट में आने से मवेशियों की मौत हो चुकी है। बारिश के दिनों में नमी के कारण खतरा और बढ़ सकता है।

मौखिक शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर को हटाने और सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को कई बार जानकारी दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि सार्वजनिक स्थान पर खुले विद्युत उपकरण से लोगों की जान को खतरा होने के बावजूद संबंधित विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है।

इस संबंध में सरपंच वीरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि पहले पदस्थ बिजली विभाग के अधिकारियों को मौखिक रूप से ट्रांसफार्मर की स्थिति से अवगत कराया गया था। इसे दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग भी की गई थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

सुरक्षा इंतजाम करने की मांग: ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से खुले बॉक्स को तत्काल बंद कर उस पर मजबूत ताला लगाने, ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा जाली या बैरिकेडिंग करने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि किसी बड़े हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय समय रहते सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

ये बोले अधिकारी: विद्युत विभाग के मुख्य अधिकारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि ग्राम नीमोटा में ट्रांसफार्मर के खुले बॉक्स की जानकारी मिली है। जल्द ही ट्रांसफार्मर को सुरक्षित करवाया जाएगा।